Best Practices 2018-19

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को किट वितरित

बूंदी. राजकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दिए गए प्रमाण पत्र।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

बूंदी. राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं माइक्रोसॉफ्ट कंपनी की ओर से कॉलेज के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क रुस ऑफिस 2010 का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को ट्रेनर सिद्धार्थ जैन की ओर से प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक बैच के विद्यार्थी को माइक्रोसॉफ्ट किट एवं ऑनलाइन टेस्ट के पश्चात प्रमाण पत्र दिया गया। अब तक 25-25 बैंच के 100 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इस दौरान नोडल अधिकारी मनोज कुमार टटवाल, नितिका सिंह, योगेश टेलर, धर्मेंद्र, नरेश शर्मा एवं प्रवीण गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बून्दी (राज.)

क्रमांकः जीसीबी / संस्था / 2018 / दिनांकः 29.08.2018

प्रेस नोट

Induction Programme

दिनांक 28.08.2018 को महाविद्यालय के सेमीनार हॉल (पुस्तकालय भवन के ऊपर) में प्रातः 11.00 बजे प्रेरण कार्यक्रम (Induction Programme) युवा विकास केन्द्र, इग्नू एवं ई–क्लॉस के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ओ0पी0 माहेश्वरी जी ने की तथा विशिष्ट अतिथि श्री जे0के0 जैन उपाचार्य रहे। इस कार्यक्रम में सत्र 2018–19 में विद्यार्थी हितार्थ विभिन्न विषयों एवं महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

सर्वप्रथम श्री राहुल सक्सेना समन्वयक इग्नू द्वारा महाविद्यालय में स्थापित इग्नू अध्ययन केन्द्र के विभिन्न प्रमाण पत्रों, डिप्लोमा एवं डिग्री कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। युवा विकास केन्द्र के अन्तर्गत श्री आशुतोष बिड़ला सहायक आचार्य–भूगोल ने **"ईयर ऑफ ऑनलाईन लर्निंग"** पर पीपीटी द्वारा प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें विभिन्न ऑनलाईन वेबसाईट एवं ऑनलाईन लाईब्रेरी के बारे में जानकारी देते हुये विद्यार्थियो को ई–लर्निंग हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ0 दिलीप कुमार राठौड नोडल अधिकारी ई–क्लॉस द्वारा महाविद्यालय में स्थापित ई–क्लास रूम से सीधे प्रसारण द्वारा अध्ययन की सुविधा की जानकारी प्रदान की, साथ ही महाविद्यालय में अगले माह सितम्बर में माइक्रोसोफ्ट कम्पनी द्वारा विद्यार्थियों को **"माइक्रोसोफ्ट ऑफिस स्पेशालिस्ट"** प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के आदेशानुसार महाविद्यालय के 200 विद्यार्थियों को उक्त ट्रेनिंग दी जानी है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु विद्यार्थियों का पंजीकरण दिनांक 15.09.2018 तक किया जाना है।

कार्यक्रम मे महाविद्यालय के संकाय सदस्यों सहित बडी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

सादर प्रकाशनार्थ !

प्राचार्य

GOVERNMENT COLLEGE, BUNDI
(RAJASTHAN)
Microsoft Office Specialist (MOS) Programme
Session : 2018-19
Organised By : DCE, Jaipur & Microsoft Pvt. Ltd.
युवा विकास केन्द्र
INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY
Government College Bundi, Bundi
Phone : 9414256992
Website : www.ignou.ac.in / www.rcjaipur.ignou.ac.in
वनस्पति शास्त्र विभाग
राज.म.वि.बून्दी